Exam. Code: 0005
**Sub. Code: 0405**

2012
B.A./B.Sc.(General)-5th Semester
**Hindi (Elective)**

Time allowed: 3 Hours | Max. Marks: 90

***NOTE:*** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सटीक एवं स्पष्ट उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।*

-*-*-*-

प्रश्न–1: (क) निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:–

(1) और तब सम्मान से जाते गिने
नाम उनके, देश–मुख की लालिमा
है बची जिनके लुटे सिन्दूर से
देश की इज्जत बचाने के लिए
या चढ़ा जिसने दिये निज लाल है।

(2) और तब चुप हो रहे कौन्तेय,
संयमित करके किसी विध शोक दुष्परिमेय
उस जलद–सा एक पारावार
हो भरा जिसमें लबालब, किंतु, जो लाचार
बरस तो सकता नहीं, रहता मगर बेचैन है।

(3) सब समेट, प्रहरी बिठला कर
कहती कुछ मत बोलो,
शांति–सुधा बह रही, न इसमें
गरल क्रांति का घोलो।

(4) शरों की नोक पर लेटे हुए गजराज जैसे,
थके, टूटे गरुड़–से, त्रस्त पन्नगराज जैसे,
मरण पर वीर जीवन का अगम बल–भार डाले,
दबाये काल को, सायास संज्ञा को सँभाले, (2×6)

(ख) 'कुरुक्षेत्र' के आधार पर भीष्म–पितामह के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'कुरुक्षेत्र' खण्डकाव्य की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए। (15)

**P.T.O.**

प्रश्न–2: (क) महाकाव्य की परिभाषा देते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

गीतिकाव्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए इसकी मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (15)

(ख) निबन्ध की परिभाषा देते हुए इसके विभिन्न तत्वों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

जीवनी के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए इसके तत्वों पर प्रकाश डालिए। (15)

प्रश्न–3: निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं तीन की परिभाषा देते हुए उन्हें उदाहरणों सहित स्पष्ट करें:–

अतिश्योक्ति, उपमा, रूपक, अनुप्रास, प्रतीप, यमक (3×6)

प्रश्न–4: निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग ५० शब्दों का होना चाहिए:–

(क) काव्य की परिभाषा स्पष्ट करें।

(ख) भीष्म पितामह को मानवतावादी क्यों माना जा सकता है?

(ग) आत्मकथा व जीवनी में क्या अंतर है?

(घ) 'कुरुक्षेत्र' के चतुर्थ सर्ग के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ.) 'कुरुक्षेत्र' में प्रमुख रूप से किस–किस समस्या की निंदा की गई है?

(च) संस्मरण के किसी एक तत्व को स्पष्ट कीजिए। (3×5)

-*-*-*-